मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-245
03/05/2021

मुख्यमंत्री ने पांच राज्यों में हुई विधानसभा चुनाव में जीत पर विभिन्न दलों को दी बधाई

पटना, 03 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव में जीत पर विभिन्न दलों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने असम में दूसरी बार तथा पुडुचेरी में विजय हासिल करने पर भारतीय जनता पार्टी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डी0एम0के0) की जीत पर पार्टी एवं उसके नेता श्री मुथुवेल करूणानिधि स्टालिन को मुख्यमंत्री ने हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि वर्ष 2017 एवं 2018 में चेन्नई यात्रा के दौरान आपसे मुलाकात में मैंने भविष्य में आपके तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बनने की कामना की थी। मुझे पूरा विश्वास है कि आप राज्य को गौरव की नई ऊँचाइयों पर ले जायेंगे। आपके पिताजी स्व0 मुथुवेल करूणानिधि जी आर्दशवादी, सफल एवं प्रसिद्ध राजनेता थे, जिनके प्रति मेरा गहरा सम्मान रहा है।

मुख्यमंत्री ने केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट की जीत पर बधाई देते हुये कहा कि श्री पिनाराई विजयन जी, केरल में लंबे समय के बाद ऐतिहासिक दूसरी बार जीत पर आपको मेरी बधाई है। मेरी कामना है कि आपके नेतृत्व में ईश्वर के अपने देश को और समृद्धि प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तीसरी बार विजय हासिल करने पर तृणमूल कांग्रेस पार्टी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

******